## पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में चार दिनी खेल-सांस्कृतिक आयोजन

# जबलपुर, रीवा और महू की प्रतिभाओं से रहा उत्सवी माहौल

***महू। गत 5 से 8 मार्च तक पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू में अन्तर महाविद्यालयीन खेलकूद एव सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ डा. आर.पी.एस.बघेल, अधिष्ठाता जबलपुर, डॉ एस.एस.भदौरिया अधिष्ठाता रीवा एवं डॉ  मुकेश कुमार मेहता अधिष्ठाता महू ने हवा में गुब्बारे उडाकर किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के अधिनस्थ, महू, जबलपुर, रीवा एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के चयनित छात्र/ छात्राओं ने भाग लिया।***







खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो (छात्रा) महू एवं रीवा के मध्य हुई स्पर्धा में रीवा विजय रहा। जबकि छात्र वर्ग में जबलपुर मध्य रीवा का रहा जिसमें जबलपुर विजय रहा। रस्सा खींच के दो मैच छात्राओं एवं दो मैच छात्रों के मध्य हुये जिसमें छात्राओं में मत्स्य विज्ञान जबलपुर एवं रीवा विजय रहे। छात्रों में महू ओर जबलपुर विजय रहे। क्रिकेट मैच में जबलपुर की टीम ने जीत हासिल की। इसके अतिरिक्त बैडमिंटन, सार्ट-पुट, जुबेलिन, कबाडडी, एवं वालीबॉल प्रतियोगितायें भी हुई।

खेलकूद प्रतियोगिताओ में ही दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक और



डिस्क थ्रो की प्रतियोगितायें संम्पन्न हुई। छात्रों की 100 एवं 200 मीटर की दौड में नितिन वैष्णव, जबलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में निलेश आर्य, रीवा प्रथम रहे। छात्राओं में 100 मीटर की दौड में ऋतिका अमलियार, रीवा प्रथम, 200 मीटर में प्रगति इनर्ति, फिसरीज जबलुपर प्रथम एवं 1500 मीटर में राजेष्वरी पटेल, महू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों में गोला फेंक में विकास सिंह, जबलपुर प्रथम एवं छात्राओं में रेखा पटेल, महू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों में भाला फेंक में अन्षुल नरवरे, रीवा ओर छात्राओं में एकता उइके, महू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्क थ्रो में छात्र विकास सिंह, जबलपुर एवं छात्रा रेखा पटेल, महू प्रथम रहे।

क्रिकेट में विजेता जबलपुर कॉलेज और उपविजेता महू रहा।उसी तरह कबड्डी, टेबल टेनिस और में भी विजेता जबलपुर तथा उपविजेता महू के कॉलेज रहे।वही कैरम में रीवा कॉलेज विजेता रहा।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता में रंगोली, एकल और मूक अभिनव प्रतियोगिता हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में चारों महाविद्यालय के चयनित पलक मिश्रा, मिनल ठुडवे, वैष्णवी दुबे और समृद्धि गौडपाल ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता प्रयागराज कुम्भ 2019 विषय पर आधारित थी। इसके निर्णायक डॉ ऋचा ठक्कर, तृप्ति मिश्रा एवं डॉ अनीता राय बाथम थी। एकल अभिनव में असद खान, भूपेन्द्र चैहान, शुभम पाटीदार एवं आकाश नागदा ने भाग लिया। इनके निर्णायक वरिष्ठ रंगकर्मी दिनेश सोलंकी, पवन नीम, सचिन माहेश्वरी और शशांक जैन थे। उपरोक्त प्रतियोगितायें डॉ आशीष सोनी एवं डॉ रवि सिकरोदिया के मार्गदर्शन में सम्पन हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।  यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रविन्द्र कुमार जैन ने दी।

तत्कालीन भाषण एवं चित्रकला का आयोजन भी हुआ। तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता में युवा में बढ़ती आत्म हत्या, महिला सशक्तिकरण, सायबर क्राइम एवं 'यदि मैं देश की पशुपालन मंत्री होती', विषयों पर छात्रा माहिरा खान जबलपुर,





प्रणाली मिश्रा महू, अनुश्री बैनर्जी जबलपुर एवं वर्षा मिश्रा रीवा ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से अपने विचार व्यक्त कर सभी श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस प्रतियोगिता में अनुश्री बैनर्जी प्रथम एवं प्रणाली मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकगण राजेश जौहरी, जसवंत सिंह विष्ट एवं डॉ रामपाल वर्मा महू थे। चित्रकला प्रतियोगिता भारत पर्व विषय पर आधारित थी। इसमे प्रषांत प्रजापति महू, वैष्णवी दुबे रीवा, मोना चैरसिया जबलपुर एवं रजनीष खराड़ी मत्स्य महाविद्यालय जबलपुर ने भाग लिया। निर्णायक अजयसिंह चैहान थे।

देश भक्ति एवं लोकगीत पर आधारित एकल एवं समूह गायन तथा फिल्मी समूह नृत्य प्रतियोगितायें भी आयोजित हुई। वाद-विवाद स्पर्धा के  महू के छात्रों ने बाजी मारी है। पक्ष में प्रथम प्रशांत प्रजापति तथा विपक्ष में प्रथम प्रणाली मिश्रा रही। सांस्कृतिक स्पर्धा में एकल अभिनय, उप शास्त्रीय नृत्य, एकांकी स्पर्धा भी आयोजित की गई। नुक्कड़ नाटक शैली में किये गए नाटकों की अधिकता थी।

निर्णायक थे सचिन माहेश्वरी, अनुराधा सोलंकी, शिफा अंसारी, जसवंतसिंह बिष्ट। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ बघेल डॉ भदौरिया और डॉ मुकेश मेहता मौजूद थे। संचालन किया डॉ आशीष सोनी ने।











## समापन समारोह

पशु चिकित्सा महाविद्यालय महू में जारी अन्तरमहाविद्यालयीन सांस्कृतिक और खेल स्पर्धा के चौथे दिन समारोह का समापन हुआ। सुबह क्विज़ स्पर्धा  महू के छात्रों ने बाजी मारी। उसके बाद लोक नृत्य स्पर्धा में भी महू कॉलेज प्रथम रहा। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक उषा ठाकुर तथा नानाजी देशमुख वि वि के प्रमंडल सदस्य दीपक पाटीदार डॉ प्रियंका जैन तथा कन्हैया सिसोदिया विशेष अतिथि थे। डॉ मेहता ने बताया कि समारोह मेंअधिष्ठाता द्वय डॉ  बघेल व डॉ भदौरिया तथा अतिथियों ने विजेताओ को इनाम वितरित किये। महू कॉलेज सांस्कृतिक स्पर्धा का विजेता रहा तथा जबलपुर खेल स्पर्धा में विजेता रहा।

खेलों की स्पर्धा में क्रिकेट में विजेता जबलपुर कॉलेज और उपविजेता महू रहा। उसी तरह कबड्डी, टेबल टेनिस और में भी विजेता जबलपुर तथा उपविजेता महू कॉलेज रहे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ बघेल डॉ भदौरिया और डॉ  मुकेश मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन किया डॉ निधि व संदीप नानावटी  ने।